# पटवारियों के समर्थन में पहुंचे विधायक दोगने




नवभारत न्यूज

**हरदा. मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आंदोलन के समर्थन में गुरुवार को विधायक डॉ. आरके दोगने धरना स्थल पहुंचे. उन्होंने पटवारियों की मांगों को जायज बताते हुए मुख्यमंत्री और राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग करने की बात कही.**

विधायक दोगने ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे पटवारियों को पदोन्नति, कैडर रिव्यू और समयमान वेतनमान का लाभ नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है. सरकार को कर्मचारियों की लंबित मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द निर्णय लेना चाहिए. पटवारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि प्रदेशभर के पटवारी पिछले चार दिनों से कलमबंद हड़ताल पर हैं. हड़ताल के कारण नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित कई राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं. संघ ने सरकार से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है.

## प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग आज हरदा दौरे पर



हरदा. जिले के प्रभारी एवं प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग शुक्रवार, 7 अगस्त को हरदा जिले के दौरे पर रहेंगे. वे सुबह भोपाल से रवाना होकर हरदा पहुंचेंगे और सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे.

इसके बाद मंत्री सारंग खिरकिया के चारूवा पहुंचकर मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026*के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे. इस दौरान वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोपाला उपार्जन केंद्र, हाई स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगे. साथ ही किसानों, विद्यार्थियों और नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद करेंगे. चारूवा मंडी प्रांगण में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मंत्री प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान करेंगे. साथ ही हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं प्रशस्ति पत्र वितरित करेंगे.

दौरे के अंतिम चरण में वे हरदा में जिला कोर कमेटी और जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में शामिल होंगे. इसके बाद बघेल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का अवलोकन कर शाम को भोपाल के लिए रवाना होंगे.

## जड़ी-बूटी दिवस मनाया

**पिपरिया.** महिला पतंजलि योग समिति द्वारा आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस के अवसर पर जड़ी-बूटी दिवस मनाया गया. कार्यक्रम के तहत जिला प्रभारी राजकुमारी मालवीय के नेतृत्व में बगीचे में औषधीय पौधों का रोपण किया गया. इस दौरान अंजलि चतुर्वेदी, अर्चना शर्मा, माधुरी चौकसे, आरती गुप्ता, किरण राज सहित बच्चों ने गिलोय, आंवला, एलोवेरा, तुलसी और नीम के पौधे लगाए. समिति की सदस्यों ने पौधों के संरक्षण और उनके औषधीय महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया.

महिला पतंजलि योग समिति द्वारा जड़ी-बूटी दिवस के कार्यक्रमों को अगले एक सप्ताह तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है. इस दौरान विभिन्न स्थानों पर औषधीय पौधों का रोपण कर लोगों को प्रकृति और आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया जाएगा.

# 703 वाहनों पर कार्रवाई, 3 .02 लाख जुर्माना वसूला




नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम. *जिले में **यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और निजी वाहनों में अवैध रूप से लगाए गए हूटर, फ्लैशर लाइट, वीआईपी व शासकीय स्टिकर, अनधिकृत पदनाम, ब्लैक फिल्म तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट के उपयोग पर रोक लगाने के लिए नर्मदापुरम पुलिस का विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार जारी है. पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 10 अगस्त तक चल रहे इस अभियान के तहत जिलेभर में सघन वाहन जांच की जा रही है.**

अभियान के चौथे दिन पुलिस ने 174 वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 68 हजार 600 रुपए का समन शुल्क वसूला. वहीं अभियान के शुरुआती चार दिनों में कुल 703 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जा चुकी है, जिसमें 3 लाख 2 हजार 300 रुपए का जुर्माना वसूला गया है.

पुलिस जांच के दौरान वाहनों में लगे अवैध हूटर, फ्लैशर लाइट, वीआईपी एवं शासकीय स्टिकर, अनधिकृत पदनाम, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट और ब्लैक फिल्म के उपयोग पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों से ऐसे सभी अवैध चिन्ह और उपकरण तत्काल हटवा लें.

यह अभियान पुलिस अधीक्षक साईकृष्ण एस. थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष मिश्रा के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि 10 अगस्त तक अभियान पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

## एक नजर में



### बानापुरा की सड़क का निर्माण शुरू

**सिवनी मालवा, 6 अगस्त.** सिवनी मालवा की उपनगरी बानापुरा में लंबे समय से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो गया है. निर्माण शुरू होने से क्षेत्रवासियों में राहत की उम्मीद जगी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बनने के बाद आवागमन सुगम होगा और दुर्घटनाओं का खतरा भी कम होगा. उल्लेखनीय है कि सड़क लंबे समय से खुदी होने के कारण नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. गड्ढों और निर्माण कार्य बंद रहने से यातायात प्रभावित हो रहा था. सड़क निर्माण शुरू कराने की मांग को लेकर नगर कांग्रेस ने पूर्व में धरना-प्रदर्शन और जनआंदोलन भी किया था. नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने कहा कि जनहित के मुद्दे पर किए गए आंदोलन के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ है. उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर आगे भी आवाज उठाई जाएगी. स्थानीय नागरिकों ने निर्माण शुरू होने का स्वागत करते हुए काम को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने की मांग की है.



### माहेश्वरी महिला मंडल ने किया सामूहिक वनभोज

**बनखेड़ी.** माहेश्वरी महिला मंडल बनखेड़ी द्वारा गोविंद नगर में सामूहिक वनभोज एवं गौ-पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता के पूजन एवं वंदन के साथ हुआ. महिला मंडल की सदस्यों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से सहभागिता कर गौसेवा का लाभ लिया. कार्यक्रम में माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनिता जावंधिया विशेष रूप से उपस्थित रहीं. बनखेड़ी महिला मंडल अध्यक्ष अंजू मालाणी, सचिव अंतिमा जावंधिया सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बहनें मौजूद रहीं. गौ-पूजन के बाद सभी ने सामूहिक वनभोज का आनंद लिया. इस दौरान हाउजी, मनोरंजक खेल एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं. महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बनाया. आयोजन से संगठन में एकता, सहयोग और पारिवारिक आत्मीयता की भावना मजबूत हुई.




### बाल श्रम के खिलाफ चला जागरूकता अभियान

**सिवनी मालवा, 6 अगस्त.** शहर में बाल श्रम की रोकथाम और बाल श्रमिकों की पहचान के उद्देश्य से जिला टास्क फोर्स ने संयुक्त जागरूकता अभियान चलाया. श्रम विभाग के नेतृत्व में अधिकारियों ने दुकानदारों और आमजन को बाल श्रम निषेध कानून की जानकारी देते हुए बच्चों से मजदूरी नहीं कराने की अपील की. श्रम निरीक्षक ज्योति पी.ए. ने बताया कि 14 वर्ष तक के बच्चों से किसी भी प्रकार का काम कराना प्रतिबंधित है. वहीं 14 से 18 वर्ष के किशोरों को चाय-नाश्ते की दुकानों, ज्वलनशील पदार्थों, विस्फोटकों और अन्य खतरनाक कार्यों में लगाना भी कानूनन अपराध है.

# विशेषज्ञों ने परखी बच्चों की आंखों की रोशनी

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 6 अगस्त. विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए द चैम्प्स फन स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. सेवासदन आई हॉस्पिटल, भोपाल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ की आंखों की विस्तृत जांच कर आवश्यक परामर्श दिया.**



शिविर के दौरान जिन बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया. भोपाल से पहुंची डॉ. सुनीता कहार और डॉ. शुभम सराठे ने अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ विद्यार्थियों की दृष्टि क्षमता, आंखों के सामान्य स्वास्थ्य सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए. इसके साथ ही विद्यालय कर्मचारियों की भी नेत्र जांच की गई. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी, डायरेक्टर जूही चटर्जी, स्कूल कोऑर्डिनेटर रीना मालवीय, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर स्नेहा शर्मा, एडमिन ऑफिसर विनीता जैसलानी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ मौजूद रहे. प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ उनका स्वस्थ रहना भी बेहद जरूरी है. नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से आंखों से जुड़ी समस्याओं की समय पर पहचान हो जाती है, जिससे बच्चों की एकाग्रता, आत्मविश्वास और सीखने की क्षमता में सुधार होता है. डायरेक्टर जूही चटर्जी ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए भी लगातार स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है.

## विद्युत का अनधिकृत उपयोग करने पर 294 प्रकरण दर्ज

**हरदा.** जिले में बिजली चोरी और अनधिकृत विद्युत उपयोग पर रोक लगाने के लिए मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है. महाप्रबंधक सुरेश कुमार के निर्देश पर हरदा के सभी वितरण केंद्रों में अधिकारियों की टीमों द्वारा कार्रवाई की जा रही है. अभियान के तहत 5 और 6 अगस्त को 21 टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में जांच की. इस दौरान अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 294 प्रकरण दर्ज किए गए. इन प्रकरणों में 52.92 लाख रुपये की राशि निर्धारित की गई है.

# मंदिर में महीनेभर चलेगा विशेष शिवार्चन अनुष्ठान

**सिवनी मालवा 06 अगस्त.** शहर के प्रसिद्ध श्रीराम जानकी राधा कृष्ण मंदिर में श्रावण मास के पावन अवसर पर एक माह का विशेष शिवार्चन एवं पूजन-अर्चन अनुष्ठान श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न कराया जा रहा है. प्रतिदिन प्रातः, दोपहर एवं सायंकाल तीनों समय मंदिर के विद्वान पंडितों तथा इंदौर एवं मैहर से पधारे आचार्यों के सान्निध्य में भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन-अभिषेक किया जा रहा है.



मंदिर ट्रस्टी पंडित अवधेशानंद तिवारी ने बताया कि सोमवार, नागपंचमी (17 अगस्त) से विशेष पार्थिव शिवलिंग पूजन प्रारंभ होगा. इसके साथ ही मां राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी का प्रतिदिन सात दिनों तक विशेष अर्चन एवं पूजन भी किया जाएगा. उन्होंने बताया कि मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पूजन एवं अभिषेक की व्यवस्था पूर्णतः निशुल्क की गई है. सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस दिव्य धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता कर भगवान शिव एवं मां राजराजेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है.

# किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

नवभारत न्यूज

**हरदा, 6 अगस्त. जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने कृषि उपसंचालक (डीडीए) से मुलाकात कर किसानों को खाद की कमी एवं समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की.**



उन्होंने कहा कि पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है. वहीं मूंग खरीदी केंद्रों की क्षमता पूरी होने के बावजूद स्लॉट बुक हो रहे हैं और तुलाई के बाद भी किसानों के बिल समय पर नहीं बन रहे हैं. मोहन सांई ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो जिला कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी.

## मदिरा के अवैध विक्रय पर 6 प्रकरण दर्ज

**हरदा.** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने गुरुवार को अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण के विरुद्ध कार्रवाई की. विभागीय दल ने चारूवा के जादूपुरा मोहल्ला, ग्राम हरिपुरा, टेमलावाड़ी एवं जयमलपुरा में दबिश दी. कार्रवाई के दौरान 36 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 410 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया. मामले में आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किए गए.

# नागद्वारी मेले में प्लास्टिक इस्तेमाल पर प्रशासन सख्त

## जितनी बोतलें लेकर जाएंगे, उतनी ही वापस लानी होंगी

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम. धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र नागद्वारी मेला इस बार पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ आयोजित होगा. 7 अगस्त से शुरू हो रहे मेले को ग्रीन, क्लीन और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त व्यवस्था लागू की है.**



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि मेले में प्रवेश करने वाले प्रत्येक वाहन की जांच की जाएगी और वाहन में जितनी प्लास्टिक की बोतलें लाई जाएंगी, वापसी के समय उतनी ही बोतलें वापस ले जाना अनिवार्य होगा.

इस अभियान में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भी सक्रिय रूप से जुड़ा है. वन विभाग ने श्रद्धालुओं और यात्रियों से अपील की है कि वे संरक्षित वन क्षेत्र की स्वच्छता और वन्यजीव संरक्षण में सहयोग करें.

नागद्वारी मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय से पहले अपने कार्यस्थलों पर पहुंचकर व्यवस्थाएं संभालें. जांच चौकियों पर वाहनों में मौजूद प्लास्टिक बोतलों की संख्या दर्ज की जाएगी और वापसी के समय उनका मिलान किया जाएगा. यह व्यवस्था सभी वाहनों पर लागू होगी, जिसमें शासकीय वाहन भी शामिल हैं. कलेक्टर ने कहा कि पचमढ़ी और सतपुड़ा के जंगलों में प्लास्टिक कचरा फैलने से रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है.

# विद्यार्थियों को कानून और पुलिस व्यवस्था की दी जानकारी

## 'जन सुरक्षा-युवा सृजन' संवाद कार्यक्रम शुरू

नवभारत न्यूज़

**हरदा, 6 अगस्त . मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त नवाचार 'जन सुरक्षा-युवा सृजन' संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक शशांक ने किया. पायलट प्रोजेक्ट के तहत विद्यालय का चयन किया गया है.**



कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, मास्टर ट्रेनर सोनाली परकोचे, उपनिरीक्षक नूर मोहम्मद पठान, उपनिरीक्षक महेश जाट एवं अरुणा सिंह ने विद्यार्थियों को कानून, संविधान, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल संरक्षण, पॉक्सो अधिनियम, यातायात नियम, नागरिक कर्तव्यों और पुलिस कार्यप्रणाली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं. इसके बाद विद्यार्थियों को कोतवाली थाना एवं कंट्रोल रूम का भ्रमण कराया गया. यहां थाना प्रभारी निरीक्षक रोशनलाल भारती, प्रधान आरक्षक कुलदीप भदौरिया, रेडियो निरीक्षक सत्यनारायण मेहरा, उपनिरीक्षक नारायण अग्निहोत्री, रक्षित निरीक्षक रजनी गुर्जर एवं यातायात थाना प्रभारी सूबेदार उमेश ठाकुर ने पुलिस की कार्यप्रणाली, डायल-112 सेवा और यातायात व्यवस्था के बारे में जानकारी दी.

## आज से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

**हरदा.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का शुभारंभ आज से होगा. अभियान का पहला जनसंवाद एवं समस्या समाधान शिविर जनपद पंचायत खिरकिया के ग्राम चारूवा में आयोजित किया जाएगा. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि अभियान 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक चलेगा. इसके तहत प्रत्येक शुक्रवार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएंगे. साथ ही शासकीय योजनाओं एवं लोक सेवा गारंटी से संबंधित कार्यों की समीक्षा की जाएगी.

# सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का सात दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरदा, 6 अगस्त . जिले में होमगार्ड विभाग द्वारा 31 जुलाई से 6 अगस्त तक सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया. प्रशिक्षण के दौरान वालेंटियर्स को होमगार्ड अधिनियम-1968, सिविल डिफेंस, सिविल डिफेंस नियम-2009 और सिविल डिफेंस की 12 सेवाओं की जानकारी दी गई.**



प्रशिक्षण में भूकंप, आग, बाढ़, ध्वस्त संरचना, हवाई हमला, औद्योगिक दुर्घटना और सीबीआरएन जैसी आपदाओं से निपटने के तरीके बताए गए. इसके अलावा प्राथमिक उपचार, घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने, विभिन्न प्रकार की पट्टियां बांधने, खपच्ची लगाने और सीपीआर का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया.

**संस्कृति** — पांच साल से सीख रहीं कथक और हिंदी नर्मदापुरम के गुरु बीआर सैनी को दिया सफलता का श्रेय

# भारतीय कला ने विश्व में बनाई खास पहचान : शबनम

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 6 अगस्त. ताशकंद (उज़्बेकिस्तान) से नर्मदापुरम पहुंचीं अंतरराष्ट्रीय नृत्यांगना शबनम बेगम ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य केवल कला का माध्यम नहीं, बल्कि देश की संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं के वैश्विक दूत हैं. इन कलाओं के जरिए दुनिया में भारत की अलग पहचान बनी है और विदेशी युवाओं में भारतीय संगीत व नृत्य सीखने का रुझान तेजी से बढ़ रहा है.**



नर्मदा रिवर व्यू रिसॉर्ट, कोरीघाट में आयोजित प्रेसवार्ता में शबनम बेगम ने बताया कि वह पिछले पांच वर्षों से भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक और हिंदी भाषा का अध्ययन कर रही हैं. उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति, संस्कार और यहां के लोगों का आत्मीय व्यवहार उन्हें बेहद प्रभावित करता है. भारतीय कला सीखते-सीखते उनका भारत से विशेष जुड़ाव हो गया और अब वह अपने देश में भी भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रही हैं. प्रेसवार्ता के दौरान शबनम ने उज़्बेकिस्तान की पारंपरिक संस्कृति पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी. इसके बाद कथक की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों की सराहना बटोरी. फिल्मी गीत 'ओ ढोलना' पर उनके आकर्षक नृत्य ने भी खूब तालियां बटोरीं. उनकी प्रस्तुतियों में भारतीय और उज़्बेक संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला. शबनम ने बताया कि वह भारतीय म्यूजिक संस्था से नृत्य का प्रशिक्षण ले रही हैं. उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय नर्मदापुरम निवासी गुरु बीआर सैनी को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से उन्होंने ताशकंद में हिंदी भाषा सीखी और भारतीय संस्कृति को करीब से समझने का अवसर मिला.

## अगस्त-सितंबर का राशन एकमुश्त मिलेगा

नवभारत न्यूज

**हरदा.** शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों से अगस्त एवं सितंबर माह की राशन सामग्री एकमुश्त वितरित की जाएगी. जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती गंगा भिड़े ने बताया कि हितग्राही संबंधित ग्राम पंचायत अथवा वार्ड की उचित मूल्य दुकान पर जाकर अगस्त और सितंबर माह के राशन के लिए दो बार पृथक-पृथक अंगूठा लगाएं. इसके बाद दोनों महीनों का राशन अगस्त में ही एकमुश्त प्राप्त किया जा सकेगा. उन्होंने पात्र हितग्राहियों से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार राशन प्राप्त करने की अपील की है.

# कार्रवाई नहीं हुई तो अनशन करेंगे पूर्व प्राध्यापक

## दो दिन में निराकरण नहीं हुआ तो 8 अगस्त से नगर परिषद परिसर में बैठेंगे भूख हड़ताल पर

**हरदा, 6 अगस्त . नगर परिषद हरदा में दुकानों की सबलीज संबंधी आवेदन पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज वरिष्ठ नागरिक एवं सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. एल.एन. पाराशर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को अंतिम चेतावनी दी है. उन्होंने 7 अगस्त की शाम तक आवेदन का नियमानुसार निराकरण नहीं होने पर 8 अगस्त से नगर परिषद परिसर में भूख हड़ताल एवं आमरण अनशन शुरू करने की बात कही है.**

डॉ. पाराशर के अनुसार उन्होंने अपने पुत्र के नाम से सीएमओ सह-अस्तित्व व्यावसायिक प्रकोष्ठ की दुकानें खरीदी हैं. व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक सबलीज प्रक्रिया पूरी कराने हेतु 23 जुलाई को नगर परिषद में आवेदन दिया था. कार्रवाई नहीं होने पर 28 जुलाई को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई और 29 जुलाई को पुनः आवेदन देकर शीघ्र निराकरण की मांग की.

उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा आवेदन को लंबित रखा गया है. उनका कहना है कि नियमानुसार आवश्यक होने पर संकल्प अथवा सशर्त अंतरिम स्वीकृति जैसे वैधानिक विकल्पों के माध्यम से निर्णय लिया जा सकता है. डॉ. पाराशर ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष और पार्षदों से भी मामले को लेकर चर्चा की है. उन्होंने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित जनप्रतिनिधियों को भी प्रतिलिपि भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है.

**इनका कहना है.**

मुझे सबलीज संबंधी आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसे मैंने नियमानुसार आगे प्रेषित कर दिया है.

**रोशन सिंह बाथम**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, हरदा**